Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com


सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 6:19 बजे


सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 5:57 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 80 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 14 सितम्बर 2026

एक्ट्रेस ने हटाए गौरव खन्ना के...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### वारंटियों पर पुलिस का शिकंजा, दो गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** न्यायालय के वारंट हाथ में आते ही बनभूलपुरा पुलिस ने वारंटियों की धरपकड़ तेज कर दी। पुलिस की कार्रवाई से बचकर घूम रहे दो वारंटी आखिरकार गिरफ्त में आ गए। दोनों को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने न्यायालय के समक्ष पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी। न्यायालय से जारी वारंटों की शत-प्रतिशत तामील के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक बनभूलपुरा दिनेश सिंह फर्त्याल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दबिश देकर दो वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार वारंटियों की पहचान मंगल सिंह निवासी वार्ड नंबर-14, जवाहर नगर तथा जीशान खान निवासी रजा मस्जिद के पास, दरऊ, किच्छा, ऊधम सिंह नगर के रूप में हुई है। कार्रवाई करने वाली टीम में अपर उपनिरीक्षक हेमंत प्रसाद, अपर उपनिरीक्षक पुष्कर आर्या, कांस्टेबल इंदर सिंह और कांस्टेबल अतहर शामिल रहे।

### स्वाइन फ्लू का बढ़ता खतरा, एसटीएच में 10 दिन में तीन लोगों की मौत

**हल्द्वानी।** एसटीएच में स्वाइन फ्लू अब सिर्फ मरीजों तक सीमित रहने का मामला नहीं रह गया है। महज दस दिनों में संक्रमण से तीन मरीजों की मौत और एक डॉक्टर के संक्रमित मिलने से अस्पताल में चिंता बढ़ गई है। शनिवार को आईसीयू में भर्ती 65 वर्षीय महिला ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मूल रूप से बागेश्वर निवासी और वर्तमान में लामाचौड़ क्षेत्र में रह रही महिला पहले से कैंसर से पीड़ित थीं और उनकी कीमोथैरेपी चल रही थी। जांच में स्वाइन फ्लू की पुष्टि होने के बाद उन्हें आईसीयू में रखा गया, लेकिन उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। इससे पहले तीन सितंबर को नैनीताल निवासी 62 वर्षीय बुजुर्ग और पांच सितंबर को रातीघाट निवासी 65 वर्षीय महिला की मौत हो चुकी है। दोनों मरीज भी गंभीर बीमारियों से जूझ रहे थे। काशीपुर निवासी 70 वर्षीय महिला की रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद उन्हें एसटीएच में भर्ती कराया गया है।

## गणेश चतुर्थी: देशभर में गणेशोत्सव की धूम, पधारे बप्पा

नई दिल्ली
एजेंसी

आज गणेश चतुर्थी का दिन है। ऐसे में जगह-जगह बप्पा का आगमन हो गया है। आइए आपको कुछ झलकियां दिखाते हैं कि मुंबई से लेकर तेलंगाना तक बप्पा का स्वागत कैसे हुआ।



गणेश चतुर्थी का त्योहार देशभर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस दिन भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर भक्त विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते हैं। घरों से लेकर सार्वजनिक पंडालों तक बप्पा के स्वागत की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। गणेशोत्सव के दौरान अलग-अलग शहरों में भव्य सजावट, आकर्षक प्रतिमाएं और अनोखी झांकियां लोगों का ध्यान खींचती हैं। कहीं गणपति की विशाल प्रतिमा आकर्षण का केंद्र बनती है, तो कहीं पंडालों की खास थीम लोगों को संदेश देती है। मुंबई का गणेशोत्सव अपनी भव्यता और परंपरा के लिए प्रसिद्ध है। वहीं, देश के अन्य हिस्सों में भी स्थानीय संस्कृति और रचनात्मकता के साथ बप्पा का स्वागत किया जाता है। इस बार भी गणेश चतुर्थी पर कई जगहों की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा में हैं। आइए जानते हैं, अलग-अलग शहरों में गणपति बप्पा के आगमन की खास झलकियां।

मुंबई के प्रसिद्ध लालबाग सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडल के लालबागचा राजा की पहली झलक भी सामने आ गई है। हर साल की तरह इस बार भी बप्पा के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। लालबागचा राजा मुंबई के सबसे प्रसिद्ध गणपति पंडालों में शामिल हैं।


हैदराबाद के नागोल में 72 फीट ऊंची इको-फ्रेंडली गणेश प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इसे बंगाल और तेलंगाना के कलाकारों ने प्राकृतिक सामग्रियों से तैयार किया है। पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश देने वाली यह प्रतिमा गणेशोत्सव के खास आकर्षणों में शामिल है। मुंबई के खेतवाड़ी में 41 फीट ऊंचे गणपति बप्पा की प्रतिमा स्थापित की जा रही है। यह प्रतिमा अपनी ऊंचाई और भव्य स्वरूप के कारण लोगों का ध्यान खींच रही है।

दुनिया के 15 देशों के नेताओं से प्रधानमंत्री मोदी मिले

## शक्ति संतुलन का नया व्याकरण दिल्ली में लिखा

नई दिल्ली
एजेंसी

ब्रिक्स शिखर बैठक में 20 से अधिक देशों से दिल्ली आए मेहमान विदा हो चुके हैं। भारत मंडपम में आयोजित इस शिखर सम्मेलन ने यही साबित किया है कि मतभेद के बावजूद रिश्ते चल सकते हैं। बारूद और धन से आगे बढ़ते हुए शक्ति संतुलन का नया व्याकरण दिल्ली में लिखा गया। हालांकि, पश्चिम का चश्मा इसे अब तक नहीं पढ़ पाया है।



तीन दिन में 15 द्विपक्षीय बैठकें और इनके अलावा गलियारों में हुई वे मुलाकातें, जो कार्यक्रम सूची में दर्ज नहीं होतीं। ब्रिक्स के इस 18वें शिखर सम्मेलन का असली हासिल घोषणापत्र के पैराग्राफ नहीं, भारत मंडपम की वह मेज और उसके आसपास के वे गलियारे हैं, जहां आपस में टकराती धाराएं एक ही छत के नीचे आईं। मेजबान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कूटनीति की परीक्षा मंच पर कम और इसी हाशिये पर ज्यादा हुई। शक्ति का संतुलन अब केवल बारूद की गूंज और धन की धमक से तय नहीं हो रहा। वे देश भी एक-दूसरे के सामने बैठ सकते हैं, जो किसी दूसरे मोर्चे पर युद्ध की स्थिति में उलझे हैं। अठारहवें ब्रिक्स का सबसे बड़ा हासिल यही क्षमता है। घोषणापत्र के पैराग्राफ से ज्यादा महत्वपूर्ण वह राजनीतिक जगह है, जहां असहमति के बावजूद संवाद चलता रहा। यही वह नया व्याकरण है, जिसे पश्चिम का चश्मा अब तक पूरी तरह पढ़ नहीं पाया है।

पहली पंक्ति शनिवार को लिखी गई। पश्चिम एशिया में युद्ध के बीच ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान और संयुक्त अरब अमीरात के शीर्ष नेतृत्व की मुलाकात हुई। यह तब हुआ, जब घोषणापत्र में ईरान से जुड़ी भाषा पर तेहरान और अबूधाबी के मतभेद खुलकर मेज पर आ चुके थे। संदेश साफ था। मतभेद दर्ज हुआ, लेकिन रिश्ता टूटा नहीं।

सबसे अहम तथ्य समापन सत्र में आया। 2027 में ब्रिक्स की अध्यक्षता चीन के पास जाएगी और उन्नीसवें शिखर सम्मेलन की मेजबानी भी वही करेगा। घोषणापत्र में इसका समर्थन दर्ज है। सीधा मतलब यह है कि दिल्ली ने जो एजेंडा तय किया, उसका कैलेंडर अगले साल बीजिंग चलाएगा।

## एमपीएससी पेपर लीक पर बवाल
### छात्रों के समर्थन में उतरे दीपके सरकार को दिया अल्टीमेटम

मुंबई
एजेंसी

महाराष्ट्र में एमपीएससी की परीक्षाओं में कथित पेपर लीक को लेकर अभ्यर्थियों का आंदोलन जारी है। कॉकरेच जनता पार्टी और उसके संस्थापक अभिजीत दीपके ने छात्रों के समर्थन का एलान किया है।



महाराष्ट्र लोकसेवा आयोग (एमपीएससी) की ओर से आयोजित विभिन्न ऑनलाइन परीक्षाओं में कथित पेपर लीक को लेकर छात्र आंदोलन तेज होता दिख रहा है। कॉकरेच जनता पार्टी (सीजेपी) ने रविवार को एलान किया कि पार्टी के सदस्य और संस्थापक अभिजीत दीपके भी आंदोलन कर रहे छात्रों के साथ खड़े होंगे और प्रमुख अधिकारियों के इस्तीफे की मांग को लेकर उनके प्रदर्शन में शामिल होंगे।

सीजेपी ने यह घोषणा छत्रपति संभाजीनगर के वालुज इलाके में अभिजीत दीपके के घर पर एमपीएससी की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के एक समूह से मुलाकात के बाद की। छात्रों ने कथित पेपर लीक और परीक्षाओं में सामने आई अनियमितताओं को लेकर अपनी मांगें उनके सामने रखीं। सीजेपी ने एक बयान जारी कर कहा कि एमपीएससी के अध्यक्ष और सचिव के इस्तीफे की मांग को लेकर आंदोलन आगे भी जारी रखा जाएगा। पार्टी ने चेतावनी दी कि अगर 24 सितंबर तक उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो राज्यभर का दौरा कर एमपीएससी अभ्यर्थियों से मुलाकात की जाएगी और उनके आंदोलन को और मजबूती दी जाएगी। पार्टी ने कहा कि अभिजीत दीपके और सीजेपी के अन्य सदस्य भी प्रदर्शन कर रहे छात्रों के साथ आंदोलन में शामिल होंगे।

एमपीएससी के अभ्यर्थी राज्य के कई हिस्सों में प्रदर्शन कर चुके हैं। प्रदर्शनकारी भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग कर रहे हैं। साथ ही, विभिन्न परीक्षाओं में कथित पेपर लीक और अनियमितताओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी उठाई जा रही है। छात्रों का कहना है कि परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनाए रखना बेहद जरूरी है।

## हिंदी किसी भाषा की प्रतिद्वंद्वी नहीं शाह बोले- दुनिया की भाषाएं सीखें

नई दिल्ली
एजेंसी

हिंदी दिवस पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारतीय भाषाओं की विविधता को देश की ताकत बताया। उन्होंने कहा कि हिंदी किसी भाषा की प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि भारतीय भाषाओं के बीच संवाद और राष्ट्रीय एकता की कड़ी है।

हिंदी दिवस के अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने भारत की भाषाई विविधता और सांस्कृतिक समृद्धि का उल्लेख करते हुए कहा कि देश में बोली जाने वाली अलग-अलग भाषाएं किसी कमजोरी का संकेत नहीं, बल्कि भारत की सबसे बड़ी ताकत हैं। अमित शाह ने कहा कि हर भाषा अपने साथ इतिहास, लोक परंपराएं और दुनिया को देखने का अलग नजरिया लेकर चलती है। ये सभी मिलकर नई पीढ़ी के मूल्यों को आकार देती हैं। उनके मुताबिक, भारत में मौजूद भाषाई विविधता ही देश की 'विविधता में एकता' की भावना को और मजबूत करती है। गृह मंत्री ने कहा कि हिंदी का उद्देश्य दूसरी भारतीय भाषाओं से प्रतिस्पर्धा करना नहीं है। इसके बजाय हिंदी देश की अलग-अलग भाषाओं के बीच सार्थक संवाद को बढ़ावा देने और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने वाली महत्वपूर्ण कड़ी के तौर पर काम करती है। उन्होंने कहा कि भारत का इतिहास इस बात का प्रमाण है कि अलग-अलग मातृभाषाओं से जुड़े लोगों ने हिंदी को व्यापक संवाद की भाषा बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### पहाड़ी से गिरे पत्थर, चपेट में आने से घोड़ा संचालक घायल

**चमोली।** केदारनाथ यात्रा मार्ग पर पहाड़ी से पत्थर गिरने की घटनाओं ने एक बार फिर यात्रियों और स्थानीय कारोबारियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। चीरबासा में हादसे के बाद संवेदनशील हिस्से में निगरानी बढ़ा दी गई है। केदारनाथ पैदल मार्ग पर चीरबासा हेलीपैड के समीप पहाड़ी से पत्थर गिरने से एक घोड़ा संचालक गंभीर रूप से घायल हो गया। डीडीआरएफ, वाईएमएफ और आपदा मित्र की टीम ने मौके पर पहुंचकर घायल को रेस्क्यू किया और गौरीकुंड अस्पताल पहुंचाया। घायल की पहचान आसू (19) पुत्र चौहान सिंह, निवासी सिलकोट, गैरसैंण के रूप में हुई है। घटना के बाद क्षेत्र में यात्रियों की आवाजाही को लेकर भी सतर्कता बरती जा रही है।

## मौसम: देशभर में आंधी-बारिश और बज्रपात का अलर्ट

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड में आज सोमवार को तेज बारिश का दौर हो गया है, देहरादून सहित सात जिलों में भारी वर्षा और बिजली गिरने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। नैनीताल और आसपास के इलाकों में मौसम विभाग द्वारा बारिश और गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम तथा कुछ स्थानों पर तेज बौछारें/भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।



उधर झारखंड में मानसून की सक्रियता के चलते मौसम फिर करवट लेने वाला है। मौसम विभाग ने रांची समेत 14 जिलों में तेज हवाओं, भारी बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया है। इन इलाकों में 60 से 65 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने की आशंका है। झारखंड में मानसून की सक्रियता के चलते मौसम का मिजाज तेजी से बदलने वाला है। मौसम विभाग ने सोमवार को राजधानी रांची समेत राज्य के 14 जिलों में तेज हवाओं, भारी बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है। इन जिलों में 60 से 65 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने की आशंका है। मौसम केंद्र ने खराब मौसम के दौरान लोगों से सावधानी बरतने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक बोकारो, रांची, रामगढ़, खूंटी, चतरा, देवघर, पश्चिमी सिंहभूम, पलामू, दुमका, हजारीबाग, धनबाद, गिरिडीह, गुमला और लातेहार में तेज बारिश के साथ आंधी की संभावना है।

# दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक

## 16 से 21 अक्टूबर तक अयोजित होगा महोत्सव

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

आगामी शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित होने वाले दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारियों को लेकर रविवार को पूजा समिति और कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसममति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष 16 अक्टूबर से 21 अकटूबर तक सार्वजनिक दुर्गा पूजा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा।

बैठक की अध्यक्षता समिति के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा की गई। इसमें महोत्सव को सुचारू, सुरक्षित और भव्य रूप से संपन्न कराने के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा हुई और कार्यकर्ताओं को जिमेदारियां सौंपी गई। बैठक में पंडाल निर्माण, मूर्ति निर्माण, ,सजावट, विद्युत व्यवस्था और प्रसाद वितरण जैसी मुख्य व्यवस्थाओं के लिए अलग-अलग कार्यकर्ता टीमों का गठन किया गया है। पूजा के दिनों में संध्या आरती के साथ-साथ स्थानीय कलाकारों और बच्चों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन की रूपरेखा भी तैयार की गई।



बैठक के अंत में समिति के अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर इस धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने की अपील की। बैठक में उपाध्यक्ष त्रिभुवन फ र्त्याल, महामंत्री उमेश मिश्रा, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार, सुरेश चंद्र चौधरी, विनोद चंद्र पंत, पवन ब्यास, सावित्री सनवाल, अक्षय अग्रवाल, आलोक चौधरी, दिनेश भट्ट, मनोज सिंह बिष्ट, के.एस. अधिकारी, मनोज सिंह बिष्ट तथा सौरव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# चहलकदमी बढ़ीः दो हफ्ते के बाद नैनीताल में पर्यटन ने पकड़ी रफ्तार

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल में दो सप्ताह बाद पर्यटन ने रफ्तार पकड़ी है। इस वीकेंड पर सैलानियों की संखया बढने से खासी रौनक रही। वीकेंड पर पांच हजार अधिक सैलानी नगर भ्रमण पर पहुंचे हुए हैं।

पिछले दो सप्ताह नगर का पर्यटन खराब मौसम और आपदाओं की भेंट चढ़ गया। इस बीच सैलानी बेहद कम संखया में पहुंचे जिस कारण नगर में सुनसानी छाई रही और पर्यटन कारोबार चौपट पर रहा। मगर यह वीकेंड राहत लेकर आया है। शुक्रवार शाम से सैलानियों का पहुंचना शुरू हो गया था जो रविवार दोपहर तक जारी रहा। इस बीच पांच हजार से अधिक सैलानी पहुंचने का अनुमान है। नगर के आंतरिक पर्यटन स्थलों में बड़ी संख्या में सैलानी नजर आए। स्नो व्यू, हिमालय दर्शन, वॉटरफ लि व केव गार्डन और पंत पार्क में सैलानियों से रौनक रही। मालरोड में भी चहल पहल करते सैलानी नजर आए। नौका विहार करने वाले सैलानी भी काफी संख्या में नजर आए। वॉटर फाल में झरने के साथ अठखेली करते सैलानी बड़ी संख्या में नजर आए। इधर नैनीताल होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट का कहना है कि दो सप्ताह सैलानियों की आमद बेहद कम रही। अधिक बारिश के कारण कमरों की बुकिंग भी कैंसिल हुईए लेकिन यह वीकेंड संतोषजनक रहा। अब मानसून छंटने को है तो सैलानियों की आमद बढनी शुरू हो जाएगी।

# समाज के हर वर्ग के कल्याण हेतु सरकार ने बनायी योजनाएंः डा.आर्य

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य डॉ. भुवन चंद्र आर्य ने रविवार को नैनीताल विधान सभा के तहत कोटाबाग विकास खंड के ग्राम सभा तलिया में पार्टी कार्यकर्ताओं बैठक की। इस दौरान उन्होंने लोगों को डबल इंजन सरकार की ओर से चलायी जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी।

डा.आर्य ने कहा कि सरकार समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वह मिशन 2027 की तैयारियों में प्राथमिकता से जुट जाएं। इस दौरान बैठक में मौजूद कई लोगों ने उन्हें क्षेत्रीय समस्याओं से अवगत कराया, डा.आर्य ने संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

बैठक में नंद लाल आर्य, तारा सिंह बिष्ट, मोहन दानी,मोहन लाल, मुन्नी देवी,गणेश लाल, बिक्की आर्य, भगवती देवी, पिहू आर्य, मोहन राम पूर्व सरपंच वन पंचायत,अनीता ,बिमला देवी, नीलू आर्या, गणेश लाल, रिसब आर्या, लता, हेम कुमार ,चंदन आर्या, हीरा लाल, प्रकाश चन्द,पद्मा देवी, देवकी देवी तथा मंगला देवी आदि उपस्थित रहे।



## NEWS / फटाफट

### हरतालिका तीज व गणेश चतुर्थी व्रत आजःआचार्य जोशी



**नैनीताल** । नैनीताल के समीपवर्ती गेठिया गांव निवासी आचार्य पंडित प्रकाश चंद्र जोशी ने बताया कि इस बार हरतालिका तृतीया तथा गणेश चतुर्थी व्रत एक ही दिन यानी सोमवार (आज) को मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस दिन तृतीया तिथि प्रात: 7.07 बजे तक रहेगी तदुपरांत चतुर्थी तिथि प्रारंभ होगी। चित्रा नक्षत्र दोपहर 1.55 बजे तक रहेगा। यदि योग की बात करें तो ब्रह्म योग दोपहर 12.46 तक रहेगा। यदि चंद्रमा की स्थिति को जानें तो चंद्र देव पूर्ण रूप से तुला राशि में विराजमान रहेंगे। इस दिन चंद्रमा के दर्शन करना वर्जित माना जाता है। यदि अज्ञानता या भूल वश आपने चंद्रमा के दर्शन किए तो आप पर बेवजह चोरी का झूठा आरोप लग सकता है। भगवान श्री कृष्ण ने भी एक बार भादो गणेश चतुर्थी का चांद देख लिया था उन पर भी बेवजह स्यमन्तक मणि चोरी का झूठा आरोप लगा था। भागवत पुराण के दशम स्कंध के 56 वें एवं 57वें अध्याय में इसका उल्लेख मिलता है। भूलवश किसी ने यदि इस रात्रि को चांद देख लिया तो उसे इसके निवारण हेतु स्यमन्तक मणि चोरी की कथा सुननी चाहिए।

### नैनीताल में दोपहर बाद हुई झमाझम बारिश

**नैनीताल** । नैनीताल में रविवार को दोपहर बाद झमाझम बारिश हुई। बारिश की वजह से नैनीताल के स्थानीय लोगों के साथ ही यहां भ्रमण पर पहुंचे पर्यटकों को काफी फजीहत उठानी पड़ी। बता दें नगर में सुबह के समय मौसम साफ था और धूप निकली हुई थी दोपहर 12 बजे मौसम सुहावना बना रहा। इसके बाद बादलों का जमावड़ा शुरू हो गया और हल्की बारिश शुरू हो गई शाम को तीन बजे जमकर पानी बरसना शुरू हो गया । वर्षा का वेग करीब एक घंटे जारी रहा वहीं सांय चार बजे मौसम साफ हो गया। मगर देर शाम पुन: घने बादलों ने उमडना शुरू कर दिया और बारिश की आशंका बनी हुई थी। मौसम विभाग के अनुसार यलो अलर्ट अभी भी जारी है और हल्की से मध्यम बारिश का क्रम आने वाले दिनों में भी बने रहते की संभावना है। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 24 व न्यूनतम 18 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। बारिश 14 मिमी हुई। झील से एक इंच पानी की निकासी की जा रही है।

### सीआरएसटी इंटर कॉलेज में आरएसएस का युवा खेल सम्मेलन

**नैनीताल** । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में नगर के सीआरएसटी इंटर कॉलेज में रविवार को युवा खेल सममेलन आयोजित किया गया। सममेलन में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 200 युवाओं ने भाग लिया। इस दौरान खो-खो, रस्साकस्सी और पेनल्टी शूटआउट प्रतियोगिताएं हुईं। युवाओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग करते हुए खेल भावना का प्रदर्शन किया। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य युवाओं को शारीरिक रूप से मजबूत बनाने के साथ उनमें टीम भावना और अनुशासन विकसित करना है। साथ ही खेलों के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रखकर राष्ट्र निर्माण से जोडना भी आयोजन का उद्देश्य है।कार्यक्रम में आरएसएस के सह प्रांत बौद्धिक राजेश, जिला प्रचारक अभिषेक, नगर प्रचारक हरिओम, नगर कार्यवाह दरबान, नगर सह कार्यवाह भरत, नगर व्यवस्था प्रमुख विवेक, जिला विद्यार्थी प्रमुख भावेश, खेल प्रमुख सूर्यांश, बॉबी और बौद्धिक प्रमुख धर्मेंद्र सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### धार्मिक क्रिया कर्म के दौरान स्वास्थ्य बिगड़ा, चिकित्सक मौके पर



**नैनीताल** । ज्योलीकोट के समीपवर्ती चोपड़ा गांव निवासी भुवन चंद्र जोशी की माता की नौ दिन पहले मृत्यु हो गई थी। अंतिम संस्कार के बाद घर में चल रहे धार्मिक क्रिया कर्म के दौरान कई लोगों की अचानक तबियत बिगड़ गई। सूचना पर चिकित्सा सुविधा मुहैया करवाने के लिए सीएमओ डॉ रश्मि पंत के निर्देश पर सीएमएस डॉ. हेमंत मर्तोलिया तथा स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ गर्वित कुमार के साथ चिकित्सा दल ने सुदूर चोपड़ा गांव में पहुंच के स्वास्थ्य परीक्षण और दवाइयां दी गई। परिवार ने विभाग का आभार व्यक्त किया।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# हनुमान अंश की निर्मात्री अनुप्रिया नागर ने किए कैंची धाम के दर्शन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

देश-विदेश में चर्चित फि ल्म हनुमान अंश की 21 वर्षीय युवा निर्मात्री अनुप्रिया नागर ने परिजनों और सहयोगियों के साथ श्री कैंची धाम पहुंचकर बाबा नीब करौरी महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। उनके साथ लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष कार्तिक पालीवाल भी मौजूद रहे।

अनुप्रिया ने कैंची धाम और बाबा नीब करौरी महाराज के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए धाम में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए नैनीताल पुलिस एवं उत्तराखंड पुलिस की व्यवस्थाओं की सराहना की। दर्शन के बाद अनुप्रिया ने नैनीताल जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजूनाथ टीसी से भी शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने फिल्म की सफलता, उसकी विषयवस्तु और उद्देश्य की जानकारी साझा की। इस अवसर पर फिल्म के माध्यम से भगवान हनुमान की भक्ति, आस्था और संस्कारों के साथ बाबा नीब करौरी महाराज की महिमा को जन.जन तक पहुंचाने के प्रयास पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने अनुप्रिया तथा उनके परिजनों और सहयोगियों को शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिह्न देकर सममानित भी किया तथा फिल्म की सफलता और उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि कैंची धाम देश.विदेश के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है और यहां आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की सुरक्षा व सुविधा नैनीताल पुलिस की प्राथमिकता है।



# सैनिक स्कूल के एनएसएस स्वयंसेवियों ने किया पौधरोपण

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नगर के प्रतिष्ठित भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत रविवार को विद्यालय के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता के दिशानिर्देश पर राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी मीनाक्षी बिष्ट व कर्मचारी रविन्द्र के मार्गदर्शन पर स्वयंसेवकों द्वारा स्कूल क्षेत्र के आसपास वृहद पौधरोपण कर विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए तथा जन जागरूकता रैली भी निकाली गई।

विद्यालय के उप प्रधानाचार्य प्रवीन सती व वरिष्ठ शिक्षक आलोक कुमार ने स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना की। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्र अधिकारी मीनाक्षी बिष्ट ने स्वयंसेवियों को पौधरोपण की महत्ता बतायी। उन्होंने कहा कि पौधरोपण करने के साथ ही उनकी सुरक्षा किया जाना भी बेहद जरुरी है। कहा कि स्वयं पौधरोपण करने के साथ ही दैनिक जीवन में लोगों को भी पौधरोपण के लिए प्रेरित किया जाना जरूरी है।




### प्रकृति प्रेमी गुरुरानी ने पिता की स्मृति में लगाया स्मृति पौध

**नैनीताल** । उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष/ राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान रविवार को 7900वें दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 7900वें दिन डीडीहाट स्थित अपने आवास परिसर में प्रधानाध्यापिका निरंजना गुरुरानी के साथ अपने स्वर्गीय पिता तारा दत्त गुरुरानी की स्मृति में स्मृति पौध लगाया। निरंजना गुरुरानी ने कहा कि वह भी पौधारोपण से काफी लंबे समय से जुड़ी हैं और पौधा रोपण अभियान में भागीदारी करती रही है। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा।

# अभिमत

## विचारधारा या अवसरवाद

*विचारधारा का स्थान अवसरवादिता ने ले लिया है। राजनीति में नेताओं के गोत्र का अर्थ है कि वह दलबदल से पहले किस पार्टी में था। दलबदल करने पर जिस पार्टी में वह आता है और उसे प्रत्याशी बनने का मौका मिलता है तो पार्टी से जुड़े पुराने और टिकट के दावेदार कहते हैं कि पार्टी हाईकमान ने अलग गोत्र के व्यक्ति को टिकट दे दिया। विचारधारा और गोत्र पर चर्चा को विराम तब लग जाता है, जब पार्टी हाईकमान से मुहंतोड़ और दो-टूक जवाब मिलता है कि पार्टी को चुनाव जिताऊ नेता की जरूरत है।*

राजनीति से जुड़े लोगों पर समाज के हर वर्ग की नजर रहती हैं। नेताओं की चर्चा सर्वाधिक होती है। चुनाव के दौरान घर-घर, गली-मोहल्ले और अन्य जगह हार-जीत पर बहस के साथ ही नेताओं पर टिप्पणी होना आम बात है। चुनाव के दौरान निर्दलीयों की जीत से विचारधारा, अवसरवादिता तथा गोत्र की राजनीति का मुद्दा सबसे अधिक उछलता है, जो लम्बे समय तक चर्चा के साथ सियासी दलों के भविष्य को निर्धारित कर सकता है। उत्तराखंड विधानसभा चुनाव अगले वर्ष होना है। टिकट के दावेदारों की चर्चा तेज होती जा रही है। हर पार्टी टिकट बांटने में सतर्कता जरूर बरतती है, लेकिन पार्टी के अंदर विरोधाभास उत्पन्न होने से नहीं रोक पाती। दलबदलू को टिकट देने पर पार्टी के लोग दबी जुबान से कहते हैं कि पार्टी हाईकमान को गैरों पर ज्यादा भरोसा है। इसी बात को कुछ लोग दूसरे शब्दों में कहते हैं कि अपने गोत्र में कोई ऐसा नहीं मिला जिसे पार्टी प्रत्याशी बनाती और दलबदलू को टिकट दे दिया। निर्दलीय को टिकट देने पर भी पार्टी के दावेदार कहते हैं कि विचारधारा का अब कोई महत्व नहीं रह गया। दरअसल समाज का उच्च शिक्षित और अपने काम से मतलब रखने वाला वर्ग राजनीति पर चर्चा करना पसंद नहीं करता है, विशेषकर चुनाव में प्रत्याशियों की जीत-हार और उनकी छवि की बातों में समय की बर्बादी समझते हैं। अब किसी भी पार्टी में विचारधारा बीते समय का इतिहास है। अवसरवादिता हर पार्टी में हावी है। विचारधारा का स्थान अवसरवादिता ने ले लिया है। राजनीति में नेताओं के गोत्र का अर्थ है कि वह दलबदल से पहले किस पार्टी में था। दलबदल करने पर जिस पार्टी में वह आता है और उसे प्रत्याशी बनने का मौका मिलता है तो पार्टी से जुड़े पुराने और टिकट के दावेदार कहते हैं कि पार्टी हाईकमान ने अलग गोत्र के व्यक्ति को टिकट दे दिया। विचारधारा और गोत्र पर चर्चा को विराम तब लग जाता है, जब पार्टी हाईकमान से मुहंतोड़ और दो-टूक जवाब मिलता है कि पार्टी को चुनाव जिताऊ नेता की जरूरत है। पार्टी से वर्षों जुड़े रहे और जमीनी स्तर पर काम करने की अहमियत नहीं रह गई है। टिकट के दावेदारों की भीड़ में से किसी एक को प्रत्याशी बनाने पर अन्य दावेदार नाराज हो जाते हैं, पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी को पराजित कराकर पार्टी हाईकमान को सबक सिखाने की सोचते हैं। इस खतरे को भांपकर पार्टी हाईकमान द्वारा कई बार पैराशूट उम्मीदवार मैदान में उतारा जाता है। पैराशूट का अभिप्राय है, जो टिकट का दावेदार नहीं होता है, यह सब अवसरवादिता है।

# एमबीपीजी चुनाव से पहले पुलिस का 'ऑपरेशन शिकंजा'

## बिना हेलमेट, तीन सवारी और नशे में फर्राटा भरने वालों की शामत

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

एमबीपीजी छात्रसंघ चुनाव का माहौल गरमाने से पहले ही पुलिस ने शहर की सड़कों पर हुड़दंगियों और नियम तोड़ने वालों को अपनी ताकत का एहसास करा दिया। देर रात अचानक प्रमुख चौराहों पर भारी पुलिस बल उतर आया तो बिना हेलमेट बाइक दौड़ाने वालों से लेकर तीन सवारी और नशे में वाहन चलाने वालों तक में खलबली मच गई। जिस शहर की सड़कों पर रात होते ही कुछ युवा बेखौफ रफ्तार और हुड़दंग का प्रदर्शन करते नजर आते हैं, वहां पुलिस की सख्ती ने साफ संदेश दे दिया—चुनावी जोश के नाम पर सड़क पर अराजकता अब नहीं चलेगी।



एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी के निर्देशन में चलाए गए सघन चेकिंग अभियान के दौरान कुल्यालपुरा, तिकोनिया समेत शहर के प्रमुख चौराहों पर पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस ने एक-एक कर वाहनों को रोककर जांच की और यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों पर कार्रवाई की। बिना हेलमेट, तीन सवारी, तेज रफ्तार और नशे की हालत में वाहन चलाने वालों को पुलिस ने सबक सिखाया।

एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल एवं अपर पुलिस अधीक्षक /सीओ, कोतवाल विजय मेहता की अगुवाई में चले अभियान में संदिग्ध गतिविधियों पर भी पैनी नजर रखी गई। एमबीपीजी चुनाव के दौरान किसी तरह की अराजकता न फैले, इसके लिए पुलिस ने पहले ही मोर्चा संभाल लिया है।

पुलिस की सख्ती का असर देर रात सड़कों पर साफ दिखाई दिया। चुनावी माहौल में हुड़दंग मचाने या कानून व्यवस्था को चुनौती देने वालों के लिए यह कार्रवाई एक तरह की चेतावनी भी मानी जा रही है। पुलिस ने संकेत दे दिया है कि चुनाव कॉलेज परिसर में हो सकता है, लेकिन कानून का शिकंजा शहर की सड़कों तक रहेगा। क्यों कि महिला सुरक्षा भी पुलिस की जिम्मेदारी है।

## गणेश चतुर्थी पर्व से पहले खिला फूलों का कारोबार

रुद्रपुर । गणेश चतुर्थी पर्व से पूर्व शहर के बाजारों में रौनक है। दुकानें रंग-बिरंगे फूलों और मालाओं से सज गई हैं। नगर के मुख्य बाजार में फूल विक्रताओं की दुकानों पर गेंदा, गुलाब, लिली और मोगरा के फूल खरीदारों का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित कर रहे हैं। गणेश प्रतिमाओं के श्रृंगार के लिए विशेष मालाएं 100 से 250 रुपये में बिक बिक रही हैं।

फूल विकेता गोविंद राठौर, मनोहर कुमार, दलीप सैनी, राजेंद्र सिंह, संतोष आदि ने बताया कि गणेश पंडाल और घरों में होने वाली पूजा के लिए लोग फूलों की खरीदारी करते हैं। गणेश महोत्सव को देखते हुए बाहर से भी फूल मंगाए हैं। कोलकाता से आए फूलों की अच्छी मांग है। पिछले साल के मुकाबले इस वर्ष फूलों के दाम में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। हालांकि कारोबार पर इसका कोई असर नहीं है। गणेश भगवान के प्रिय भोजन मोदक और मिठाइयों की भी खरीदारी हो रही है। गणेश स्थापना को लेकर भी लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

# अवैध तमंचा, 17 कारतूस समेत एक दबोचा

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

शहर के रामलीला मैदान में भीड़ के बीच एक युवक तमंचा और 17 जिंदा कारतूस लेकर घूम रहा था। पुलिस की चेकिंग ने जैसे ही उसे रोका और तलाशी ली, उसके कब्जे से 12 बोर का अवैध तमंचा निकल आया।

इसके बाद जब कारतूसों की गिनती हुई तो पुलिस भी सकते में आ गई। युवक के पास एक-दो नहीं, बल्कि 17 जिंदा कारतूस थे। इनमें 12 बोर के 13 और 32 बोर के चार कारतूस शामिल हैं। हथियारों का यह जखीरा बरामद होते ही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी के निर्देशन में चल रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत कोतवाली पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ शिकंजा कस रखा है। प्रभारी निरीक्षक विजय मेहता के नेतृत्व में मंगल पड़ाव चौकी पुलिस रामलीला मैदान में संदिग्धों की चेकिंग कर रही थी।



इसी दौरान पुलिस ने एक युवक को रोककर तलाशी ली। तलाशी शुरू होते ही उसके कब्जे से अवैध तमंचा बरामद हुआ। इसके बाद कारतूस बरामद होने का सिलसिला शुरू हुआ तो पुलिस के सामने 17 जिंदा कारतूस आ गए।

पुलिस के अनुसार आरोपी के कब्जे से 12 बोर का एक अवैध तमंचा, 12 बोर के 13 जिंदा कारतूस और 32 बोर के चार जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। यानी आरोपी के पास कुल 17 जिंदा कारतूस थे। पुलिस ने आरोपी की पहचान पंकज बेलवाल निवासी लछमपुर चौराहा, गौलापार, थाना काठगोदाम, नैनीताल के रूप में की है। इतनी संख्या में कारतूस लेकर युवक रामलीला मैदान तक कैसे पहुंचा और उसके पास हथियार रखने की वजह क्या थी, पुलिस अब इन सवालों के जवाब तलाश रही है। फिलहाल आरोपी के खिलाफ कोतवाली हल्द्वानी में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

**पुलिस टीमः** कार्रवाई में उपनिरीक्षक दीपक सिंह कार्की, चौकी प्रभारी मंगल पड़ाव, हेड कांस्टेबल इसरार नबी, कांस्टेबल धीरज कुमार और कांस्टेबल दिनेश नगरकोटी शामिल रहे।

# फिल्मी दुनिया

## एक्ट्रेस ने हटाए गौरव खन्ना के फोटोज, सोशल मीडिया पर किया अनफॉलो



*आकांक्षा चामोला और गौरव खन्ना के रिश्तों का तनाव खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। अब अभिनेत्री ने गौरव को सोशल मीडिया पर अनफॉलो भी कर दिया है।*

*आकांक्षा चामोला और गौरव खन्ना के रिलेशनशिप में काफी मुश्किलें चल रही हैं। इसी बीच आकांक्षा ने पति गौरव को सोशल मीडिया पर अनफॉलो कर दिया है। इसके साथ ही उन्होंने एक्टर से जुड़ी सभी तस्वीरें और रील भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट से डिलीट कर दी हैं। पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया पर यह खबरें भी चल रही हैं कि आकांक्षा ने गौरव से तलाक के बदले 10 करोड़ रुपये की एलिमनी की मांग की है। मगर हाल ही में मैशेबल इंडिया को दिये एक इंटरव्यू में आकांक्षा ने कहा, अगर मैंने गौरव से 10 करोड़ मांगे होते और मुझे वो मिल गए होते तो मैं यहां बैठी होती? सच में मेरे पास इतने पैसे होते ना तो मैं कब का ये देश छोड़ कर चली गई होती। अब तक आकांक्षा और गौरव सोशल मीडिया पर एक आदर्श कपल की तरह दिखाई देते थे। मगर 'लॉकअप 2' में आकांक्षा ने कहा था कि वह और गौरव अब अलग हो रहे हैं। इसके बाद से ही फैंस के बीच दोनों का रिश्ता चर्चा का विषय बना हुई था।*

### अलगाव की वजह?

- *आकांक्षा और गौरव की शादी साल 2016 में हुई थी।*
- *फिलहाल दोनों पिछले एक साल से अलग रह रहे हैं।*
- *तलाक की वजह बताते हुए आकांक्षा ने कहा था कि दोनों के बीच भविष्य और परिवार नियोजन को लेकर अलग विचार थे।*
- *जहां गौरव पिता बनना चाहते थे, जबकि आकांक्षा बच्चे नहीं चाहती थीं।*
- *हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल यही एक कारण नहीं है और दोनों ने काफी सोच-विचार के बाद यह निर्णय लिया है।*

# जाहरवीर मेले के अंतिम दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

गूलरभोज

हमारे संवाददाता

खानपुर पश्चिम के प्राचीन जाहरवीर मेले में बाबा का आशीर्वाद लेने रविवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। मेले के आखिरी दिन लोगों ने परिवार के साथ मंदिर पहुंचकर बाबा का आशीर्वाद लिया।

झ सौ वर्ष से अधिक प्राचीन जाहरवीर गोगा जी महाराज (गोगाजी पीर) के मंदिर में बुक्सा जनजाति समाज के आराध्य बाबा जाहरवीर के दर पर मत्था टेकने के लिए काशीपुर, बाजपुर, रामनगर और गदरपुर के जनजाति बहुल गांवों से लोगों के आने का सिलसिला दोपहर बाद तक जारी रहा।

मंदिर के पुजारी ने श्रद्धालुओ की पीठ पर लोहे के सांकल से आशीर्वाद दिया। इस दौरान रामगोपाल, नन्हे सिंह, करन कुमार, शंकर सिंह, कन्हैया, त्रिलोक सिंह आदि थे।



News कॉर्नर

## मां नंदा देवी के कदली वृक्ष निमंत्रण के लिए निकली यात्रा

अल्मोड़ा। ग्राम टेड़ागांव से मां नंदा देवी के कदली वृक्ष (केला) निमंत्रण के लिए रविवार को देव डांगरियों और क्षेत्रवासियों की मौजूदगी में विशाल बारात रूपी यात्रा निकाली गई। यात्रा बगड़ी पहुंची, जहां से नवान और छिताड़ गांवों को विधिवत रूप से कदली वृक्ष के निमंत्रण की रस्म पूरी की गई। इस दौरान मां नंदा देवी के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। धार्मिक आयोजन में क्षेत्र की मातृशक्ति, बुजुर्गों और युवाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। देव डांगरियों की मौजूदगी में श्रद्धालुओं ने पूरे भक्तिभाव और श्रद्धा के साथ आयोजन में सहभागिता की।

## देर रात हेमपुर प्रतापपुर रोड पर बाघ आने से दहशत

काशीपुर। हेमपुर प्रतापपुर रोड पर देर रात जंगल की ओर से अचानक दो बाघ सड़क पर आ गए। कार की रोशनी पड़ते ही दोनों बाघ सड़क पर दौड़ने लगे। अचानक सामने आए इस नजारे को कार सवार ने मोबाइल कैमरे में कैद कर लिया। जानकारी के मुताबिक बीती देर रात एक कार सवार हेमपुर प्रतापपुर रोड से गुजर रहा था। इसी दौरान जंगल की तरफ से अचानक दो बाघ सड़क पर आ गए। उसने इस पूरे घटनाक्रम को मोबाइल कैमरे में रिकॉर्ड कर लिया। वीडियो में दोनों बाघ सड़क पर दौड़ते हुए नजर आ रहे हैं। माना जा रहा है कि दोनों बाघ जंगल से निकलकर सड़क के रास्ते दूसरी ओर जा रहे थे। वहीं वीडियो सामने आने के बाद वन विभाग को इसकी सूचना दी गई। सूचना मिलते ही वन विभाग के अधिकारी-कर्मी मौके पर पहुंचे और क्षेत्र का निरीक्षण किया। डीएफओ रामनगर रेंज प्रकाश आर्य ने कहा कि रात के समय इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालक गति नियंत्रित रखें। उन्होंने कहा यदि कोई वन्यजीव सड़क पर नजर आए तो वन विभाग को सूचना दें।

# दो दिनी डा.साह स्मृति लोकगीत गायन, सुगम संगीत प्रतियोगिता आयोजित

नैनीताल

हमारे संवाददाता



शारदा संघ के सभागार में युगमंच व शारदा संघ के तत्वावधान में दो दिवसीय डॉ.0 सुशीला साह स्मृति लोकगीत गायन एवं सुगम संगीत (भजन व गजल) प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया।

बता दें सुगम संगीत प्रतियोगिता में कुल 54 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। लोकगीत में 15 वर्ष आयु वर्ग में प्रथम स्थान अवर्णिका जोशी एवं हर्षिता गुसाई,द्वितीय स्थान दिया रावत तथा तृतीय स्थान ऋषभ रैकवाल ने हासिल किया जबकि सान्त्वना पुरुस्कार अंबर, नितांश पाल को मिला। लोकगीत में 15 वर्ष से ऊपर आयु वर्ग में प्रथम स्थान अनुष्का कोहली,द्वितीय स्थान श्रीमती नेहा व धीरज सिंह बोहरा तथातृतीय स्थान दिया आर्या ने हासिल किया। भजन एवं गजल में 15 वर्ष तक में प्रथम स्थान गार्गी भट्ट, द्वितीय स्थान अवर्णिका जोशी तथा तृतीय स्थान काव्या पाण्डे का रहा वहीं सान्त्वना पुरुस्कार की हकदार आद्रिक कुंवर व मानिका भट्ट रही।भजन एवं गजल में 15 वर्ष से ऊपर आयु वर्ग में प्रथम स्थान. अनुष्का कोहली,द्वितीय स्थान रिया पंवार, तृतीय स्थान दिया आर्या को मिला वहीं सांत्वना पुरुस्कार प्रगति बेदी व फ रहान अंसारी को मिला। निर्णायक सिमत तिवारी एवं गौरव बिष्ट रहे। प्रतियोगिता के पुरुस्कार वितरण समारोह की मुखय अतिथि नैनीताल विधान सभा की विधायक सरिता आर्या रही। उन्होंने सभी वर्गों के विजेता प्रतिभागियों को पुरुस्कृत कर उन्हें बधाई देते हुए आयोजकों के प्रयासों की सराहना की। इस विशेष मौके पर विधायक सरिता आर्या ने शारदा संघ में उपकरण खरीद के लिए विधायक निधि से तीन लाख रुपएं देने की घोषणा की, जिसके लिए शारदा संघ परिवार ने उनका विशेष आभार जताया। इस मौके पर शारदा संघ के अध्यक्ष/महासचिव प्रो. देवेन्द्र सिंह बिष्ट तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष चन्द्र लाल साह समेत डॉ.0 मनोज सिंह बिष्ट,राजीव मल्होत्रा, राजेश साह, दीपक साह,मनोज कुमार, मिथलेश पाण्डे, सिद्धान्त नेगी, नवीन बेगाना, अमन महाजन, रफ त आलम, जय जोशी, राजा साह, प्रियंका बिष्ट, पूनम कड़ाकोटी, हेमन्त साह एवं अभिभावक मौजू रहे। बता द इस वर्ष यह प्रतियोगिता शारदा संघ के पूर्व महासचिव स्व0र्गीय प्रो0. धनश्याम लाल साह को समर्पित की गयी।

# फर्जी आईबी अफसर बन घूम रहा रामपुर का युवक दबोचा

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

चार महीने से सरकारी रुतबे का नकाब ओढ़कर सड़कों पर घूम रहा था। कार पर भारत सरकार का बोर्ड चमकता था, लाल-नीली बत्ती रास्ता खाली कराती थी और जेब में आईबी का फर्जी पहचान पत्र था। हाथ में एयरगन भी थी, ताकि अफसरी का असर और गहरा दिखे। लेकिन तिकोनिया चौराहे पर आधी रात पुलिस की नजर पड़ी तो कुछ ही देर में पूरा 'भौकाल' जमीन पर आ गया। खुद को आईबी अधिकारी बताकर पुलिस पर रौब झाड़ने वाला युवक आखिरकार फर्जी दस्तावेजों के साथ गिरफ्तार कर लिया गया।

एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर शनिवार देर रात संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की चेकिंग चल रही थी। सीओ अमित सैनी के नेतृत्व में पुलिस टीम तिकोनिया चौराहे पर वाहनों की जांच कर रही थी। इसी



दौरान काठगोदाम की ओर से आ रही यूपी नंबर की कार पुलिस ने रोक ली। कार पर 'भारत सरकार' का बोर्ड और लाल-नीली बत्ती देखकर पुलिस का शक गहराया। पुलिस के मुताबिक चालक ने अपना नाम मोहम्मद मोहासिब खान, निवासी रामपुर, उत्तर प्रदेश बताया। उसने खुद को आईबी अधिकारी बताते हुए पहचान पत्र भी दिखाया। लेकिन पुलिस ने जब उससे विभाग, तैनाती और दस्तावेजों को लेकर सवाल किए तो उसके जवाब संदेह पैदा करने लगे। पुलिस ने कार की तलाशी ली तो डैशबोर्ड से फर्जी आईबी आईडी कार्ड, खुफिया विभाग के फर्जी कागजात और एयरगन बरामद हुई। यानी जिस पहचान के दम पर युवक सड़कों पर अफसरी का रुतबा दिखा रहा था, वही पहचान पुलिस की जांच में फर्जी निकली।

दोस्तों से कहा था—'आईबी की ट्रेनिंग के लिए हल्द्वानी जा रहा हूं'

पूछताछ में पुलिस के अनुसार आरोपी ने स्वीकार किया कि वह लोगों पर रौब जमाने के लिए आईबी अधिकारी होने का दिखावा करता था। उसने दोस्तों को भी बताया था कि वह आईबी की ट्रेनिंग के लिए हल्द्वानी जा रहा है। इसके बाद फर्जी दस्तावेजों के सहारे नैनीताल घूमने की योजना बनाई थी। पुलिस के अनुसार आरोपी पिछले करीब चार महीने से रामपुर और आसपास के जिलों में फर्जी अफसर बनकर घूम रहा था। अब जांच इस बात पर भी केंद्रित है कि उसने इस फर्जी पहचान का इस्तेमाल कहां-कहां और किस मकसद से किया।

# खारदुंगला चैलेंज में 64 वर्षीय शिवेंद्र ने हासिल किया तीसरा स्थान

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

लद्दाख में आयोजित विश्व की सबसे ऊंचाई पर दौड़ी जाने वाली अल्ट्रा मैराथन खारदुंगला चैलेंज 72 किलोमीटर में देव विहार, ऊंचापुल निवासी 64 वर्षीय शिवेंद्र सिंह बिष्ट (अल्ट्रा मैराथन रनर )ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 52 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में तीसरा स्थान प्राप्त कर ब्रोंज मेडल अपने नाम किया।

इस उपलब्धि पर उन्हें 75,000 की नकद पुरस्कार राशि प्रदान की गई।यह चुनौतीपूर्ण अल्ट्रा मैराथन लद्दाख के खारदुंग गांव (लगभग 13,000 फीट) से शुरू होकर खारदुंगला टॉप (17,618 फीट) तक पहुंचती है और विश्व की सबसे ऊंची मोटरेबल रोड से होते हुए लगभग 11,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित लेह में समाप्त होती है। अत्यधिक ऊंचाई और कम ऑक्सीजन स्तर के कारण यह दौड़ दुनिया की सबसे कठिन अल्ट्रा मैराथनों में गिनी जाती है। इस प्रतियोगिता में देश-विदेश से लगभग 12,000 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।




इतनी अधिक ऊंचाई पर दौड़ने के लिए प्रतिभागियों को शरीर को लद्दाख के वातावरण के अनुकूल बनाने के लिए पर्याप्त एक्लिमेटाइजेशन (अनुकूलन) करना आवश्यक होता है। इसी कारण प्रतियोगिता में भाग लेने वाले धावकों को सामान्यत: कम से कम 10 दिन पूर्व लद्दाख पहुंचकर वहां के वातावरण में अभ्यास और अनुकूलन करना पड़ता है। शिवेंद्र सिंह बिष्ट ने भी प्रतियोगिता से पहले लद्दाख में रहकर लगातार अभ्यास किया और कठिन परिस्थितियों में स्वयं को तैयार किया।

# अंतिम विदाई: डीआईओ गिरजा शंकर जोशी पंचतत्व में विलीन

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

जिनके माध्यम से प्रशासन की गतिविधियों और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की खबरें मीडिया तक पहुंचती थीं, आज उसी सूचना तंत्र के महत्वपूर्ण अधिकारी गिरिजा शंकर जोशी की अंतिम विदाई ने हल्द्वानी के मीडिया और प्रशासनिक जगत को भावुक कर दिया।

जिला सूचना अधिकारी नैनीताल के पद पर कार्यरत गिरिजा शंकर जोशी रविवार को रानीबाग स्थित चित्रशिला घाट पर पंचतत्व में विलीन हो गए। उनके निधन से सूचना विभाग, प्रशासन, पत्रकारिता जगत और विभिन्न विभागों में शोक की लहर है। गिरिजा शंकर जोशी जिला सूचना अधिकारी के रूप में प्रशासन और मीडिया के बीच महत्वपूर्ण कड़ी की भूमिका निभाते थे। जनपद में होने वाली प्रशासनिक गतिविधियों, सरकारी कार्यक्रमों, विकास कार्यों और जनहित से जुड़ी सूचनाओं को मीडिया तक पहुंचाने की जिम्मेदारी में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। पत्रकारों के साथ निरंतर संवाद और विभागीय अधिकारियों के साथ समन्वय उनकी कार्यशैली का अहम हिस्सा रहा। यही वजह है कि उनके आकस्मिक निधन की खबर ने उन तमाम लोगों को स्तब्ध कर दिया, जिनका उनसे प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से नियमित संवाद रहता था।12 सितंबर की दोपहर



अचानक हृदयगति रुकने से उनका निधन हो गया। उनके असमय चले जाने से सूचना विभाग ने अपना एक जिम्मेदार अधिकारी खो दिया, वहीं मीडिया जगत ने ऐसा सहयोगी खोया जिसके साथ रोजमर्रा की खबरों और प्रशासनिक सूचनाओं को लेकर संवाद होता था। स्वर्गीय गिरिजा शंकर जोशी अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र एवं एक पुत्री सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। चित्रशिला घाट पर आयोजित अंत्येष्टि में नैनीताल-ऊधमसिंह नगर सांसद अजय भट्ट, मीडिया सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष ध्रुव रौतेला, दर्जा राज्यमंत्री शंकर कोरंगा, जिलाधिकारी नैनीताल ललित मोहन रयाल, सिटी मजिस्ट्रेट ए.पी. बाजपेयी, नगर आयुक्त पारितोष वर्मा, जिला विकास अधिकारी संतोष पंत, सहायक निर्वाचन अधिकारी नैनीताल हंसादत्त पांडे, संयुक्त निदेशक/ महानिदेशक सूचना के प्रतिनिधि के.एस. चौहान, संपादक कमलेश भट्ट, जिला सूचना अधिकारी ऊधमसिंह नगर गोविंद बिष्ट, प्रभारी मीडिया सेंटर हल्द्वानी अहमद नदीम, सहित जनपद के समस्त पत्रकार बंधु एवं सूचना विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं शोकाकुल परिजनों ने पहुंचकर स्वर्गीय जोशी को अंतिम विदाई दी।

## जागृति कॉलोनी में लगा स्वास्थ्य शिविर

पिथौरागढ़। जागृति कॉलोनी, पदमपुर कॉलोनी में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। दयानंद विद्यालय में आयोजित शिविर में लोगों की शुगर, बीपी, एक्स-रे समेत अन्य स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान मेयर कल्पना देवलाल, दायित्वधारी गणेश भंडारी, पार्षद पवन पाटन और पंकज बिष्ट तथा विद्यालय प्रबंधक गंगा दत्त जोशी ने कहा कि इस तरह के स्वास्थ्य शिविर आयोजित होने से आम लोगों को काफी लाभ मिलता है।

# रामलीला कमेटी ने निकाली श्रीराम ध्वज शोभायात्रा

सुल्तानपुर पट्टी

हमारे संवाददाता

श्रीरामलीला कमेटी ने श्रीराम ध्वज शोभायात्रा बैंड बाजे के साथ धूमधाम से निकाली। रविवार को कमेटी के अध्यक्ष सर्वेश सैनी के नेतृत्व में यात्रा का आयोजन किया गया।

पंडित दीपक शर्मा ने हवन पूजन के बाद कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। यात्रा नगर के मुख्य बजार, बुध बाजार चौराहा, टांडा बंजारा विभिन्न मार्गों से होते हुए साप्ताहिक बाजार स्थित श्रीरामलीला स्टेज पहुंची। वहां भगवान श्रीराम



की स्तुति के बाद शोभायात्रा का समापन किया गया। अध्यक्ष सैनी ने बताया कि ध्वज शोभायात्रा दशहरा पर्व से सवा माह पूर्व निकाली जाती है। नगर के सभी मंदिरों में कमेटी की ओर से झंडे लगाये जाते हैं। वहां नकुल अग्रवाल, डॉ. सुरेश सैनी, प्रेम सिंह सागर, संजीव बाल्मीकि, जितेंद्र सागर, सेवाराम मौर्य, रामावतार चंद्रा, जयपाल सैनी, राजकुमार सैनी आदि शामिल रहे।

# ज्योलिकोट से नैनीताल तक स्वास्थ्य विभाग का अभियान तेज

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जलजनित रोगों की रोकथाम और प्रभावित क्षेत्रों में त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के लिए सीएमओ डॉ. रश्मि पंत के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग का अभियान लगातार तेज गति से जारी है।

बता दें प्रभावित क्षेत्रों में बलॉक प्रमुख, ग्राम प्रधानों व बीडीसी सदस्यों, सामुदायिक नेताओं एवं स्थानीय सक्रिय सदस्यों का समूह गठित किया गया है। इसके माध्यम से विस्तारित प्रभावित गांवों में सर्विलांसए मरीजों के कलीनिकल मैनेजमेंट, सरकारी एवं निजी अस्पतालों में उपचार तथा आयुष्मान योजना के सूचीबद्ध अस्पतालों की जानकारी मुहैया कराई जा रही है। स्वस्थ हो चुके मरीजों को स्वास्थ्य



योद्धा के रूप में जन.जागरूकता अभियान से जोड़ा जा रहा है।

दूसरी ओर रविवार को स्वास्थ्य टीमों द्वारा शिविरों एवं घर-घर जाकर 269 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई जबकि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ज्योलिकोट में 69 लोगों की जांच की गई। इस दौरान 45 बलड सैंपल लिए गए और गंभीर लक्षण वाले 3 मरीजों को भर्ती कर उपचार दिया गया। जरूरतमंद मरीजों को दवाओं के साथ जिंक, ओआरएस एवं कलोरीन टैबलेट वितरित की गईं।

स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा नैनीताल के हरिनगर एवं सात नंबर क्षेत्र में 77 रैपिड टेस्ट किए गए। राहत की बात यह रही कि सभी 77 टेस्ट नेगेटिव आए। विभाग द्वारा प्रभावित एवं संभावित क्षेत्रों में निगरानी लगातार जारी रखी जा रही है। डायरिया एवं पीलिया की रोकथाम और बचाव के लिए आंगनबाड़ी केंद्र आड़ूखान एवं मनोरा में विशेष जागरूकता शिविर लगाए गए। लोगों को स्वच्छ पेयजलए व्यक्तिगत स्वच्छताए ओआरएस के उपयोग तथा जलजनित रोगों से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। अभियान में स्थानीय आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने पूर्ण सहयोग प्रदान किया।जलजनित रोग से प्रभावित मरीजों के उपचार के लिए चंदन सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल हल्द्वानी के वरिष्ठ एमडी फिजीशियन डॉ. हिमांशु कुमार, गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. सिद्धांत मेहता तथा सेंट्रल हॉस्पिटल हल्द्वानी के डॉ. सचिन चक्रवर्ती द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ज्योलिकोट में ओपीडी सेवाएं प्रदान की गईं।